102 यू.पी. बटालियन गोरखपुर के एनसीसी कैडेट्स की भर्ती चयन प्रक्रिया में प्रतिभागियों की शारीरिक नाप एवं दक्षता लेते हुए अधिकारीगण

दिनांक : 24 अगस्त, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के 102 यू.पी. बटालियन गोरखपुर के एनसीसी कैडेट्स की भर्ती चयन प्रक्रिया बटालियन के सैन्य अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। 102 यू.पी. बटालियन गोरखपुर मुख्यालय के जेसीओ सूबेदार धरेश माने, सूबेदार यदुल हक, हवलदार नारायण सींग के कुशल नेतृत्व में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के विद्यार्थियों का शारीरिक दौड़, लंबाई, नाप तौल, सपाट, बीम और रक्षा विषय से संबंधित प्रश्नों की लिखित परीक्षा विविध चरणों में संपन्न हुआ।

जेसीओ सूबेदार धरेश माने ने भर्ती चयन प्रक्रिया में कहा की एनसीसी भारत सरकार का रक्षा संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को देश सेवा और नेतृत्व कौशल के प्रति प्रेरित करना है। बटालियन से मिले भर्ती नियमावली से पूर्ण सतर्कता और नियमों का ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों का चयन किया जा रहा है। शारीरिक, नाप जोख, लिखित परीक्षा और दस्तावेजों के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों का इनरोलमेंट नंबर जारी होने के बाद एनसीसी कैडेट्स सैन्य जीवन को शुरू कर सकेंगे।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की राष्ट्रीय कैडेट कोर से प्रशिक्षित होकर सेना में कैरियर बनाने के लिए विद्यार्थियों में अति उत्साहित है। विविध संकायों के छात्र– छात्राओं की लंबाई, वजन और दौड़ करवाकर बटालियन स्तर पर चयन हेतु फाइनल स्क्रीनिंग किया गया। बालक वर्ग के लिए बटालियन द्वारा निर्देशित 800 मीटर और बालिका वर्ग के लिए 400 मीटर की दौड़ बटालियन के अधिकारियों के देखरेख में करवाया गया।

बटालियन के निर्देशों का पालन करते हुए सुव्यवस्थित तरीके से उम्मीदवारों के शारीरिक नाप, वजन और दौड़ का मूल्यांकन किया गया। एनसीसी युवाओं को जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने में मदद करता है। एनसीसी में कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों और अवसरों का सामना करने का अवसर मिलता है, जो उन्हें भविष्य में सफल और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होता है।

चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद बटालियन स्तर पर लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामयिकी और एनसीसी एवं रक्षा क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछे गए। शारीरिक फिटनेस और लिखित परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में मानसिकता, नेतृत्व कौशल, और एनसीसी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का मूल्यांकन होगा। एनसीसी में चयनित होने के बादए कैडेट्स को सैन्य ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और सामरिक अभ्यास कुशल उस्तादों द्वारा कराया जाता हैं। फाइनल स्क्रीनिंग में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सूबेदार यदुल हक ने कहा कि एनसीसी का अनुभव न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है, बल्कि यह विभिन्न करियर अवसरों के द्वार भी खोलता है। एनसीसी 'सी' प्रमाण पत्र धारक कैडेट्स को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती के दौरान विशेष प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्रों में भी एनसीसी कैडेट्स को उनकी नेतृत्व कौशल के आधार पर रोजगार का अवसर मिलता है।

भर्ती प्रक्रिया के सकुशल संपन्न होने पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, कमाडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह, अडम आफिसर लेफ्टिनेंट मिथुन मिश्रा जी ने नव नामांकन विद्यार्थियों को शुभकामना दिया। नव नामांकन भर्ती में सत्र 2023–24 के सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, अंडर आफिसर मोती लाल, अंशिका सिंह, खुशी गुप्ता, अभिषेक चौरसिया, हरश्व साहनी, कृष्णा त्रिपाठी, अमृता कनौजिया, दरख्शा बानो, श्रद्धा उपाध्याय, शालिनी चौहान, भानु प्रताप सिंह, निकिता गौंड, साक्षी प्रजापति, गौरी कुशवाहा, ऋतु मौर्या, अनुभव, आदित्य विश्वकर्मा, शिवम, प्रियेश राम त्रिपाठी सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहें।